भारत सरकार / GOVERNMENTOF INDIA
खान मंत्रालय/ MINISTRY OF MINES
भारतीय खान ब्यूरो/ INDIAN BUREAU OF MINES
गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय/ GUWAHATI REGIONAL OFFICE

दूरभाष सं./फैक्स सं.: 0361-2656184
ईमेल: ro.guwahati@ibm.gov.in

5th Floor, East End Building Housefed Complex, Banphool Nagar, DispurPost – Assam Secretariat, District – Kamrup (M) Guwahati, Assam – 781006.

फाईल संख्या- E-11011/2/2025-GUH-IBM_RO_GUH

सेवा में ,

राजभाषा अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो
इन्दिरा भवन
सिविल लाइंस-नागपुर

विषय- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (जुलाई-सितंबर 26) के कार्यवृत का प्रेषण।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय में कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 05.10.26 को सम्पन्न हुई बैठक का कार्यवृत आपकी सूचनार्थ प्रेषित है।

संलग्न:यथोपरि

भवदीय

Digitally signed by Krishnadev Kumar
Date: 30-10-2026 11:24:07

(कृष्णदेव कुमार)
सहायक खान नियंत्रक
एवं हिन्दी संपर्क अधिकारी
भारतीय खान ब्यूरो, गुवाहाटी

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित है :-

1. उप-निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्वोत्तर क्षेत्र), गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग,मकान संख्या -12 (ग्राउन्ड फ्लोर), एम.एन हजारिका रोड (ओल्ड ए. ई आई रोड) पोस्ट- शिलपुखरी,चांदमारी, गुवाहाटी, असम - 781003, दूरभाष- 0361-2524686
2. महाप्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति,पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, जिला- कामरूप,पोस्ट ऑफिस :मालीगांव, असम, पिन-781011, दूरभाष -0361-2676000

क्षेत्रीय कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, गुवाहाटी की कार्यालयी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक (जुलाई-सितंबर) दिनांक 05.10.26 का कार्यवृत :-

कार्यालय की विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक **05.10.26** को अपराह्न 04.30 बजे श्री इब्राहिम शरीफ़, उप- खान नियंत्रक एवं प्रभारी की अध्यक्षता में सभा कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहें:

- श्री इब्राहिम शरीफ़, उप- खान नियंत्रक (प्रभारी)
- श्री मानष ज्योति साकिया, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी
- श्री कृष्णदेव कुमार, सहायक खान नियंत्रक
- श्री अभिषेक तिवारी, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी
- श्री अरुण कुमार गड़तिआ, सहायक खनन अभियंता
- श्री सुजित शर्मा, निजी सचिव
- श्री गौरव शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
- श्री संजिब चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक- ड्रॉइंग
- श्री पी.के चौधुरी, बहु-विध कर्मचारी
- श्री बिमल दास, बहु-विध कर्मचारी

कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क.रा.का.स)

तिमाही (जुलाई–सितंबर 2026) समीक्षा बैठक
दिनांक: 05 अक्टूबर 2026
समय: अपराह्न 04:30 बजे
स्थान: बैठक कक्ष

कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (क.रा.का.स.) की समाप्त तिमाही (जुलाई–सितंबर 2026) की बैठक दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को अपराह्न 04.30 बजे कार्यालय के बैठक कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यालय प्रभारी, श्री इब्राहिम शरीफ़ द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए—

1. राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

समिति द्वारा समाप्त तिमाही (जुलाई–सितंबर 2026) की राजभाषा तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान विभिन्न अनुभागों द्वारा हिंदी में किए गए कार्यों, पत्राचार, टिप्पण एवं अन्य राजभाषा गतिविधियों की प्रगति पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी तिमाही में राजभाषा संबंधी कार्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

2. हिंदी पत्रिका–2026 के प्रकाशन हेतु रचनाओं का संकलन

समिति द्वारा हिंदी पत्रिका–2026 के प्रकाशन हेतु रचनाओं के संकलन की स्थिति की समीक्षा की गई। कार्यालय द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से दिनांक 30 अक्टूबर 2026 तक मौलिक लेख/रचनाएँ तथा मौलिकता संबंधी प्रमाण-पत्र/घोषणा-पत्र प्राप्त किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि निर्धारित तिथि तक अधिकाधिक रचनाएँ प्राप्त कर उनका समयबद्ध संकलन एवं संपादन संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

3. हिंदी पुस्तकों की खरीद एवं हिंदी पुस्तकों का अपेक्षित अनुपात

समिति द्वारा वर्ष 2026–27 हेतु कार्यालय पुस्तकालय के लिए स्वामी हैंडबुक सहित अन्य पुस्तकों की खरीद की स्थिति की समीक्षा की गई। हिंदी पुस्तकों की खरीद स्थानीय माध्यम से किए जाने तथा पुस्तकों के चयन में स्थानीय राज्य की संस्कृति, साहित्य, इतिहास, लोक-संस्कृति एवं क्षेत्रीय विरासत से संबंधित पुस्तकों को प्राथमिकता दिए जाने पर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि कुल खरीदी जाने वाली पुस्तकों में कम-से-कम 50 प्रतिशत हिंदी पुस्तकों का अनुपात सुनिश्चित किया जाए।

4. हिंदी वर्ष 2024–25 की हिंदी टिप्पणी-आलेखन प्रतियोगिता में उपलब्धि एवं अभिनंदन

समिति द्वारा हिंदी वर्ष 2024–25 की हिंदी टिप्पणी-आलेखन प्रतियोगिता में कार्यालय के श्री अभिषेक कुमार, लिपिक एवं श्री सुजीत शर्मा, निजी सचिव द्वारा प्राप्त उपलब्धि की सराहना की गई। दोनों द्वारा ₹5,000/- की पुरस्कार राशि प्राप्त किए जाने पर उनका अभिनंदन किया गया। समिति द्वारा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी राजभाषा संबंधी प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

5. राजभाषा प्रशिक्षण की प्रगति

राजभाषा प्रशिक्षण के अंतर्गत हिंदी प्रवीणता, कार्यसाधक ज्ञान एवं हिंदी टंकण प्रशिक्षण की प्रगति की समीक्षा की गई। वर्तमान सत्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहने तथा नवंबर 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षा हेतु समुचित तैयारी करने के संबंध में चर्चा की गई। समिति द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित उपस्थिति एवं परीक्षा की अच्छी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

6. आगामी हिंदी कार्यशाला में नराकास के सचिव को आमंत्रित किया जाना

समिति द्वारा आगामी हिंदी कार्यशाला में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के सचिव को आमंत्रित किए जाने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि नराकास के सचिव को आमंत्रित कर राजभाषा के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित मार्गदर्शन/व्याख्यान प्रदान करने हेतु अनुरोध किया जाए तथा कार्यशाला की तिथि, विषय एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ समय पर सुनिश्चित की जाएँ।

7. नराकास को अप्रैल–सितंबर 2026 की छमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट प्रेषित किया जाना

समिति द्वारा अप्रैल–सितंबर 2026 की छमाही राजभाषा प्रगति रिपोर्ट नराकास को प्रेषित किए जाने के संबंध में चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि संबंधित आंकड़ों का संकलन एवं सत्यापन कर रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में तैयार करते हुए नराकास को प्रेषित की जाए।

8. पुस्तकालय में नई पुस्तकों की डिजिटल प्रविष्टि

समिति द्वारा पुस्तकालय की पुस्तकों की डिजिटल प्रविष्टि के संबंध में समीक्षा की गई। अवगत कराया गया कि पुस्तकों की डिजिटल प्रविष्टि का कार्य नियमित रूप से किया जा रहा है। निर्णय लिया गया कि यह कार्य निरंतर जारी रखते हुए हाल ही में प्राप्त स्वामी हैंडबुक सहित अन्य नई पुस्तकों की डिजिटल प्रविष्टि भी की जाए तथा पुस्तकालय के डिजिटल अभिलेख को अद्यतन रखा जाए।

9. ई-ऑफिस में हिंदी टिप्पण का निरंतर प्रयोग

समिति द्वारा ई-ऑफिस में हिंदी टिप्पण के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा की गई। हिंदी टिप्पण का कार्य संतोषजनक रूप से किए जाने पर संतोष व्यक्त किया गया। निर्णय लिया गया कि ई-ऑफिस में हिंदी टिप्पण का प्रयोग निरंतर जारी रखा जाए तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा दिया जाए।

10. अन्य विषय


अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा राजभाषा संबंधी कार्यों के समयबद्ध निष्पादन हेतु सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सक्रिय सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निरंतर प्रयास करने का अनुरोध किया गया। बैठक का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

छायाचित्र:-








भारत सरकार/Government of India
खान मंत्रालय/Ministry of Mines
कार्यालय राजभाषा कार्यान्वयन
समिति की तिमाही बैठक
दिनांक: 05.10.2026

दिनांक 05.10.2026 को आयोजित तिमाही हिन्दी बैठक (जुलाई-सितंबर) में उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की सूची:-

क्रमांक	अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम	हस्ताक्षर
1	श्री इब्राहिम शरीफ़, उप-खान नियंत्रक (प्रभारी)	इब्राहिम शरीफ
2	श्री मानष ज्योति साकिया, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी	मानष ज्योति साकिया
3	श्री कृष्णदेव कुमार, सहायक खान नियंत्रक	कृष्णदेव कुमार
4	श्री अभिषेक तिवारी, कनिष्ठ खनन भूविज्ञानी	अभिषेक
5	श्री अरुण कुमार गड़तिआ, सहायक खनन अभियंता	अरुण कुमार गड़तिआ
6	श्री सुजित शर्मा, निजी सचिव	सुजित शर्मा
7	श्री सियाम्बियाक्लुन, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी	—
8	श्री गौरव शर्मा, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी	गौरव शर्मा
9	श्री संजिब चौधरी, वरिष्ठ तकनीकी सहायक- ड्रॉइंग	संजीब चौधरी
10	श्री निर्भय कृष्ण सिन्हा, उच्च श्रेणी लिपिक	—
11	श्री अभिषेक कुमार, अवर श्रेणी लिपिक	—
12	श्री पी.के. चौधरी, बहु विध कर्मचारी	पी: के. चौधुरी
13	श्री बिमल दास, बहु विध कर्मचारी	बिमल दास
14	श्री पी. नाथ, वाहन चालक-ग्रेड-1	पी. नाथ